8

# विण्डोज़ नेटवर्क (Windows Network)

## उद्देश्य (Objectives)

इस पीरियड के अन्त में, आप जान पाएँगे:

- फोल्डर्स को नेटवर्क पर शेयर करना।
- फोल्डर्स को एक्सेस करना (पहुँचना)।

नेटवर्क दो या दो से अधिक कंप्यूटरों का केबलों और अन्य हार्डवेयर के साथ जुड़ा एक संग्रह है। इसकी मदद से संसाधनों को आपस में बाँटने की सुविधा प्राप्त होती है, लेकिन उन्हीं संसाधनों या सिस्टमों को शेयर किया जा सकता है, जो नेटवर्क पर आपस में जुडे हैं। नेटवर्क पर जुड़े कंप्यूटर एक –दूसरे के साथ डाटा, प्रिन्टर, हार्ड डिस्क और अन्य हार्डवेयर संसाधन आपस में शेयर कर सकते हैं।

नेटवर्क आपको निम्नलिखित सुविधाएँ देता है,

- फाइलें और फोल्डर शेयर करना।
- प्रिन्टर, स्कैनर और अन्य हार्डवेयर शेयर करना।
- मल्टी कंप्यूटर गेम्स खेलना।
- एक इन्टरनैट कनैक्शन को शेयर करना।

## फोल्डर्स शेयर करना (Sharing Folders)

फोल्डर प्रोग्रामों और डॉक्यूमैन्ट्स को डिस्क पर व्यवस्थित करने का एक माध्यम है और इसके अन्दर फाइलों और अतिरिक्त फोल्डरों दोनों को रखा जा सकता है। फोल्डर्स के अन्दर कई तरह की फाइलें हो सकती हैं जैसे डॉक्यूमैन्ट्स, म्यूज़िक, पिक्चर्स और प्रोग्राम्स। Windows XP



©NIIT

आपको नेटवर्क पर फोल्डर शेयर करने की सुविधा भी देता है। शेयरिंग की मदद से नेटवर्क पर मौजूद अन्य यूज़र्स आपके कंप्यूटर पर मौजूद फोल्डर तक पहुँच सकते हैं।


जिस फोल्डर को आप शेयर करना चाहते हैं, उसे ढूढ़ने के लिए,

1. *Start* बटन न पर क्लिक करें।
2. *My Computer* विकल्प को चुनें।
3. जिस ड्राइव में फोल्डर को रखा गया है, उस पर डबल–क्लिक करें।

Windows XP अनेक प्रकार के सुरक्षा उपाय उपलब्ध कराता है जोकि आपके फोल्डर पर लागू किए जा सकते हैं। आप नियन्त्रित कर सकते हैं कि नेटवर्क पर शेयर किए गए फोल्डर को अन्य यूज़र्स मॉडीफाई कर सकते हैं या नहीं।

नेटवर्क पर फोल्डर को शेयर करने के लिए,

1. जिस फोल्डर को शेयर करना है, उसे सिलैक्ट करने के बाद राइट–क्लिक करें।
2. पॉप–अन मेन्यू से *Sharing and Security* विकल्प को सिलैक्ट करें।
3. फोल्डर का प्रॉपर्टी डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है (देखें चित्र 8.1)।




चित्र 8.1 : फोल्डर प्रॉपर्टीज़ डायलॉग बॉक्स

4. *Share this folder on network* चैक बॉक्स को सिलैक्ट करें।
5. यदि आप यह चाहते हैं कि नेटवर्क पर मौजूद अन्स यूज़र्स इस फोल्डर में बदलाव कर पाएँ तो, *Allow network users to change my file* चैक बॉक्स को हटा दें।
6. *Apply* बटन करने के बाद *OK* बटन पर क्लिक करें।

> **नोट** शेयरिंग विकल्प डॉक्यूमेन्ट्स एण्ड सैटिंग्स, प्रोग्राम फाइलों और सिस्टम फोल्डर्स के लिए उपलब्ध नहीं है।

आप शेयर किए गए फोल्डर का नाम भी बदल सकते हैं। नेटवर्क पर फोल्डर का नाम बदलने के लिए, नया नाम *Share Name* टैक्स्ट बॉक्स में एन्टर करें। इससे आपके कंप्यूटर में फोल्डर का नाम नहीं बदलेगा, बल्कि यह बदला नाम अन्य यूज़र्स को ही दिखाई देगा।

## नेटवर्क एक्सेस करना (Accessing the Network)


**Windows XP** नेटवर्क पर शेयर किए गए फोल्डर्स और अन्य रिसोर्सिज तक पहुँचने के आसान साधन उपलब्ध कराता है। *My Network Places* विकल्प का इस्तेमाल करते हुए आप किसी भी रिमोट कंप्यूटर से शेयर किए गए फोल्डर तक पहुँच सकते हैं।

जब आप किसी फोल्डर या अन्य रिसोर्स को शेयर करते हैं तो, उसका शॉर्टकट अपने आप *My Network Paces* विण्डो में बन जाता है। यह नेटवर्क पर सभी शेयर्ड कंप्यूटरों, फोल्डरों, प्रिन्टरों और अन्य रिसोर्सिंज को दिखाता है। इसका इस्तेमाल एक नेटवर्क लोकेशन से अन्य नेटवर्क लोकेशन पर, फाइलों और फोल्डरों को कॉपर करने के लिए भी किया जाता है।

*My Network Places* विण्डो को सक्रिय करने के लिए,

1. *Start* बटन पर क्लिक करें।
2. *My Network Places* विकल्प को सिलैक्ट करें।

चित्र 8.2 में *My Network Places* विण्डो को दिखाया गया है। विण्डो के दाएँ पेन में नेटवर्क के हर एक कंप्यूटर पर शेयर किए गए फोल्डर को दिखाया जाता है।





चित्र 8.2 : My Network Places विण्डो

विण्डो के बाएँ पेन में *View Workgroup computers* विकल्प नेटवर्क पर किसी एक वर्क ग्रुप के सभी कंप्यूटरों को दिखाता है।

वर्कग्रुप में किसी एक कंप्यूटर को जोड़ने के लिए,

1. बाएँ पेन में *View workgroup Computers* विकल्प को सिलैक्ट करें।
2. राइट पेन में आवश्यक कंप्यूटर के आईकॉन पर डबल–क्लिक करें।

जब कभी आप नेटवर्क के ज़रिए पहली बार किसी कंप्यूटर तक पहुँचते हैं तो, आपको एक डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है जो आपसे यूज़र नेम और पासवर्ड पूछता है (देखें चित्र 8.3)। आपको उस कंप्यूटर से जुड़ने के लिए सही यूज़र नेम और पासवर्ड एन्टर करना होगा।




चित्र 8.3 : Connect to डायलॉग बॉक्स


जब आप किसी कंप्यूटर विशेष के साथ जुड़ जाते हैं, तो आप उस कंप्यूटर के शेयर किए गए सभी फोल्डर्स को देख सकते हैं और उस कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर पर फाइल को कॉपी भी कर सकते हैं।

# नेटवर्क ड्राइव मैप करना (Mapping a Network Drive)

कई बार ऐसा भी होता है कि आपको बार–बार किसी अन्य कंप्यूटर के किसी एक फोल्डर तक जाना पड़ता है। ऊपर दिए गए तरीके से हर बार उस फोल्डर तक पहुँचना लम्बी प्रक्रिया होगी। ऐसे मामलों में, *Map Network Drive* कमाण्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आप पूरी प्रक्रिया को अपनाए बिना सीधे उस फोल्डर तक पहुँच सकते हैं।

शेयर्ड फोल्डर को मैप करने के लिए,


1. जिस शेयर्ड फोल्डर को मैप करना है, उसे सिलैक्ट करें।
2. फोल्डर पर राइट क्लिक करें और *Map Network Drive* विकल्प को सिलैक्ट करें।
3. *Map Network Drive* दिखाई देगी (देखें चित्र 8.4)।




चित्र 8.4 : Map Network Drive विण्डो

4. *Drive Combo* बॉक्स से ड्राइव का नाम सिलैक्ट करें।
5. *Finish* बटन पर क्लिक करें।

मैप की गई ड्राइव Network Drives सैक्शन के अन्तर्गत My Computer विण्डो में उपलब्ध नहीं होगी (देखें चित्र 8.5)। जब भी आप फोल्डर तक पहुँचना चाहें तो, My Computer विण्डो को खोलें और मैप की गई ड्राइव को सिलैक्ट करें।




चित्र 8.5 : My Computer विण्डो में मैप की गई ड्राइव

जब कभी शेयर किए गए फोल्डर की ज़रूरत न हो तो मैपिंग को हटाया जा सकता है। ऐसा करने के लिए,

1. मैप की गई ड्राइव को सिलैक्ट करने के बाद राइट–क्लिक करें।
2. पॉप–अप मेन्यू से *Disconnect* विकल्प को सिलैक्ट करें।


©NIIT

# चर्चा के लिए (To Discuss)

## सही या ग़लत (State True or False)

1. शेयरिंग विकल्प प्रोग्राम्स के लिए उपलब्ध नहीं है।
2. नेटवर्क पर जब भी किसी फोल्डर को शेयर किया जाता है, My Network Places में एक शॉर्टकट बन जाता है।
3. जब शेयर्ड फोल्डर का नाम बदला जाता है तो उसका नाम आपके कंप्यूटर पर भी बदल जाएगा।
4. जब भी आप नेटवर्क कंप्यूटर तक पहली बार पहुँचने की कोशिश करते हैं तो *Connect to* डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है।
5. मैप नेटवर्क ड्राइव किसी एक वर्कग्रुप के सभी कंप्यूटरों को दिखाती है।

## रिक्त स्थान भरें (Fill in the blanks)

1. ____________ में सभी कंप्यूटर डाटा, प्रिन्टर वा अन्य हार्डवेयर रिसोर्सिज़ को शेयर कर सकते हैं।
2. __________ अन्य यूज़र्स को नेटवर्क में मौजूद फोल्डर तक पहुँचने की सुविधा देता है।
3. रिमोट कंप्यूटर में शेयर्ड फोल्डर तक ___________ विकल्प का इस्तेमाल करके पहुँचा जा सकता है।
4. __________ कमाण्ड का इस्तेमाल सीधे शेयर किए गए फोल्डर तक पहुँचने के लिए किया जाता है।
5. __________ विकल्प किसी एक वर्कग्रुप के सभी कंप्यूटरों को दिखाता है।

# अब आप जानते हैं (Now You Know)

- नेटवर्क दो या दो से अधिक कंप्यूटरों का केबलों और अन्य हार्डवेयर के साथ जुड़ा एक संग्रह है।
- नेटवर्क पर जुड़े कंप्यूटर एक –दूसरे के साथ डाटा, प्रिन्टर, हार्ड डिस्क और अन्य हार्डवेयर संसाधन आपस में शेयर कर सकते हैं।
- फोल्डर्स के अन्दर कई तरह की फाइलें हो सकती हैं जैसे डॉक्यूमैन्ट्स, म्यूज़िक, पिक्चर्स और प्रोग्राम्स।

- शेयरिंग की मदद से नेटवर्क पर मौजूद अन्य यूज़र्स आपके कंप्यूटर पर मौजूद फोल्डर तक पहुँच सकते हैं।
- *My Network Places* विकल्प का इस्तेमाल कंप्यूटर पर शेयर किए गए फोल्डर तक पहुँचने के लिए किया जाता है।
- *Map Network Drive* कमाण्ड का इस्तेमाल सीधे शेयर किए गए फोल्डर तक पहुँचने के लिए किया जाता है।



©NIIT